# पूर्व विद्यार्थी बोले–गुजवि संस्थान ने दिया मजबूत शैक्षणिक आधार

जासं • हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षकों, पूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सहयोग को सुदृढ़ करना था।

विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. महेश कुमार, डीन एफईटी प्रो. संदीप कुमार आर्य, वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. एचसी गर्ग, प्रो. विशाल गुलाटी, प्रो. मुनीष गुप्ता, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. पुनीत कत्याल, विभाग के अन्य शिक्षकगण, कर्मचारी एवं



गुजविप्रौवि में एल्युमिनाई मीट में उपस्थित अतिथिगण एवं पूर्व विद्यार्थी • विज्ञप्ति

विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. मुनीष गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान संस्कृति तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में एलुमनी की महत्वपूर्ण भूमिका बारे बताया। इसके पश्चात प्रो. महेश कुमार, प्रो. एचसी गर्ग एवं डीन एफईटी ने शैक्षणिक विकास, नवाचार तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग को सशक्त बनाने में एलुमनी सहभागिता के महत्व पर बल दिया गया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान एलुमनी सदस्यों ने अपने करियर विकास, व्यवसायिक चुनौतियों, उद्यमिता तथा उद्योग की बदलती आवश्यकताओं पर अपने विचार साझा किए। कई पूर्व विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार संस्थान ने उन्हें मजबूत शैक्षणिक आधार, अनुशासन एवं मूल्यों के माध्यम से उनके करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व विद्यार्थियों ने अपने सफलता अनुभव एवं व्यवहारिक सुझाव सांझा करते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, नेतृत्व क्षमता एवं व्यावसायिक नैतिकता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

उद्योग, शिक्षाजगत एवं सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत पूर्व विद्यार्थियों ने वीडियो संदेशों के माध्यम से भी संबोधित किया। अनौपचारिक संवाद एवं सामूहिक छायाचित्रों ने इस एलुमनी मीट को स्मरणीय एवं सार्थक बना दिया। इंटरएक्टिव सत्र के माध्यम से एलुमनी, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच करियर अवसरों, उच्च शिक्षा, उद्यमिता तथा यांत्रिक अभियांत्रिकी में उभरती तकनीकों पर सार्थक संवाद हुआ।

# गुजवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षकों, पूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सहयोग को सुदृढ़ करना था।



इस अवसर पर विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. महेश कुमार, डीन एफईटी प्रो. संदीप कुमार आर्य, वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. एच.सी. गर्ग, प्रो. विशाल गुलाटी, प्रो. मुनीष गुप्ता, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. पुनीत कत्याल, विभाग के अन्य शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. मुनीष गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान संस्कृति तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में एलुमनी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रो. महेश कुमार, प्रो. एच. सी. गर्ग एवं डीन एफईटी द्वारा प्रेरणादायक संबोधन दिए गए, जिनमें शैक्षणिक विकास, नवाचार तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग को सशक्त बनाने में एलुमनी सहभागिता के महत्व पर बल दिया गया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान एलुमनी सदस्यों ने अपने करियर विकास, व्यावसायिक चुनौतियों, उद्यमिता तथा उद्योग की बदलती आवश्यकताओं पर अपने विचार साझा किए। अनेक पूर्व विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार संस्थान ने उन्हें मजबूत शैक्षणिक आधार, अनुशासन एवं मूल्यों के माध्यम से उनके करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व विद्यार्थियों ने अपने सफलता अनुभव एवं व्यावहारिक सुझाव सांझा करते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, नेतृत्व क्षमता एवं व्यावसायिक नैतिकता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उद्योग, शिक्षाजगत एवं सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत कई प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थियों ने अपने संक्षिप्त वीडियो संदेशों के माध्यम से भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

अनेक विशिष्ट पूर्व विद्यार्थियों ने स्नातक के बाद की अपनी यात्रा सांझा करते हुए विद्यार्थियों को कौशल विकास, अनुकूलन क्षमता एवं आजीवन सीखने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।


Invitation to All Alumni
ALUMNI
MEET 2026
Mechanical Engineering Department
Reconnect • Reminisce • Rejoice
Join us on
16th January 2026
Friday | 11:00 AM Onwards
Venue: Mechanical Engineering Department,
GJU S&T, Hisar
Let's Celebrate Your Memories & Success!
Chairperson, MED
Dean, FET
Sr. Prof. H.C. Garg
Prof. Manish Gupta




EXIT




















SURVEILLANCE ROOM







